झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

Medical, Engineering एवं CLAT की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा केन्द्र (Junior) में नामांकन हेतु आयोजित होनेवाली प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना

विज्ञप्ति संख्या – 59 / 2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में भारत सरकार, राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त सरकारी एवं निजी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल महाविद्यालयों तथा CLAT में प्रवेश के लिए आयोजित होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा केन्द्र (Junior) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा चार वर्गकक्ष कक्षा– 07, 08, 09 एवं 10 (कक्षा– 06, 07, 08 एवं 09 उत्तीर्ण छात्र) में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के लिए आयोजित की जाएगी।

एतद् द्वारा संबंधित छात्र/छात्राएँ, जो निम्नांकित योग्यता एवं अर्हत्ता रखते हैं, उनसे प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

(क) इस परीक्षा में निम्न विद्यालयों के छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

- सरकारी विद्यालय
- झारखण्ड सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय
- अल्पसंख्यक विद्यालय
- कस्तुरबा गाँधी/मॉडल/समर्थ विद्यालय
- झारखण्ड सरकार से सहायता प्राप्त विद्यालय
- परिषद् से मान्यता प्राप्त विद्यालय

(ख) आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा घोषित सक्षम प्राधिकार (अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत आरक्षण कोटि/जाति प्रमाण–पत्र तथा दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। अनुपलब्धता की स्थिति में वे आवेदन जमा कर सकते हैं, परन्तु नामांकन के समय उन्हें मूल रुप से या सत्यापित प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में उनका अभ्यर्थित्व सामान्य कोटि का माना जाएगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन में भरे गए कोटि का परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

(ग) भरे गए परीक्षा आवेदन प्रपत्र का सत्यापन/अनुमोदन जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित छात्र/छात्राओं का ही प्रवेश पत्र निर्गत किया जा सकेगा।

2) परीक्षा आवेदन प्रपत्र दिनांक 15.09.2022 से 30.09.2022 तक ऑनलाइन भरा जाएगा।

3) प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा परीक्षा आयोजन की तिथि बाद में प्रकाशित की जाएगी।

4) परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने तथा परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac/ पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध गाइडलाईन में वर्णित दिशा–निर्देश को भली–भांति पढ़कर उसी के अनुसार परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित करेंगे।

JAC/गो0/6260/22-Secy/680/22
Dt. – 09/09/22
D.O.P. – 10/09/22

अध्यक्ष के आदेश से,
(हस्ताक्षर) 9/9
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।